रांची, 20 दिसंबर, 2022 दैनिक जागरण

37वीं इंजीनियरिंग कांग्रेस में सेल का लहराया परचम

जासं, रांची : आरडीसीआइएस सेल के शोधकर्ता शुभ्राधारा और डा. गोलाप एमडी चौधरी ने इस्पात उद्योग में चक्रीय मंदी का मुकाबला... शीर्षक वाले अपने पेपर के लिए सेल पुरस्कार जीता है। जबकि भावना खलखो, एस सुदर्शन, पी सरवनन, एस श्रीकांत को 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारतीय इस्पात क्षेत्र का योगदान...शीर्षक वाले पेपर के लिए प्रतिष्ठित डा. एम विश्वेश्वरैया पुरस्कार, इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स, इंडिया द्वारा आयोजित 37वीं इंजीनियरिंग कांग्रेस में चेन्नई के एक होटल ले रायल में मिला है। निर्विक बनर्जी, ईडी (आरडीसीआइएस) ने विजेताओं को बधाई दी और आरडीसीआइएस समूह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार आरडीसीआइएस सेल द्वारा टिकाऊ और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार इस्पात निर्माण के लिए किए गए प्रयासों का प्रमाण है। यह पुरस्कार कारपोरेट्स को अपने पर्यावरणीय प्रदर्शन को बढ़ाने और बेंचमार्क सेट करने के लिए प्रोत्साहित करता है।